प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

19.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

पीएम–एआई इम्पैक्ट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस– एआई के लोकतंत्रीकरण पर बल देते हुए कहा कि इसे विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के लिए समावेशन और सशक्तिकरण का साधन बनना चाहिए। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया एक ऐसे युग में प्रवेश कर रही है जहां मनुष्य और बुद्धिमान प्रणालियां सह–निर्माण, सह–कार्य और सह–विकास करेंगी। उन्होंने कहा कि एआई कार्य को अधिक स्मार्ट, अधिक कुशल और अधिक प्रभावशाली बनाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एआई में अवसर और भविष्य की रूपरेखा देख रहा है। उन्होंने कहा कि यह भारत और ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है कि नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से मानव इतिहास में क्रांतिकारी अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एआई से मशीनों की दक्षता बढ़ रही है, साथ ही मानवीय कार्यकुशलता भी कई गुना बढ़ गई है। प्रधानमंत्री ने एआई के लिए मानव विजन की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसका अर्थ है नैतिक और सैद्धांतिक प्रणाली, जवाबदेह शासन, राष्ट्रीय संप्रभुता, सुलभ और समावेशी, वैध और न्यायसंगत।

पीएम–एआई इम्पैक्ट–2

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर और चिप निर्माण से लेकर क्वांटम कंप्यूटिंग तक एक मजबूत इको–सिस्टम का निर्माण कर रहा है।

नरेंद्र मोदी ने इस बात पर बल दिया कि भारत में विविधता, जनसांख्यिकी और लोकतंत्र मौजूद हैं।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सुक्खू सरकार अपनी नाकामियों का दोष केंद्र सरकार और पूर्व भाजपा सरकार पर डालने का काम कर रही है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार हिमाचल के लिए भरपूर आर्थिक मदद प्रदान कर रही है लेकिन इसके बावजूद प्रदेश सरकार केंद्र और प्रधानमंत्री के खिलाफ गंभीर टिप्पणियां कर जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि 16वें वित्त आयोग की सिफारिश के बाद अगर आरडीजी बंद हुई है, तो ये राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वो अपने प्रभावी वित्तीय प्रबंधन से प्रदेश को आगे ले जाए।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा हिमाचल प्रदेश के हितों के साथ खड़ी है और प्रदेश हित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि केवल राजनीतिक भाषणों से आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं होगा इसके लिए ठोस नीति और वित्तीय अनुशासन आवश्यक है।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने आज सोलन सुबाथू सड़क मार्ग का निरीक्षण किया और अधिकारियों को इस सड़क को तुरन्त सुधारने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल्द ही सुबाथू और राजगढ़ सड़क के सुधारीकरण का कार्य किया जाएगा। शांडिल ने ये भी कहा कि आरडीजी के मुददे पर भाजपा मौन है जबकि प्रदेश हित में सभी को सरकार के साथ खड़े रहना चाहिए।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार भारत व हिमाचल में विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026–27 के लिए हिमाचल को कर हस्तांतरण के तहत 13 हजार 9 सौ 49 करोड़ आबंटित किए गए हैं।